# Delhi University: स्किल एंड एंपलॉय बेस्ड कोर्स के लिए डीयू ने आईसीटी अकादमी के साथ किया एमओयू, डीयू की छात्राओं को होगा फायदा

**दिल्ली विश्वविद्यालय (DU) ने आईसीटी (ICT) अकादमी के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी के तहत कौशल आधारित और रोजगार आधारित सर्टिफिकेट कोर्स छात्राओं को सिखाए जाएंगे। डीयू के नॉन कॉलिजिएट वूमेन एजुकेशन बोर्ड (NCWEB) की छात्राओं को इस कोर्स से फायदा होगा। डीयू के कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में डीयू के रजिस्ट्रार प्रो विकास गुप्ता और आईसीटी अकादमी के प्रमुख राघव श्री निवास ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।**

डीयू के रजिस्ट्रार प्रो विकास गुप्ता ने कहा कि महिलाओं को शिक्षित करना बेहद जरूरी है। इसी से ही समाज निर्माण होता है। इस साझेदारी से छात्राओं को बैंकिंग और फाइनेंस की स्किल को बेहतर तरीके से सीखने का अवसर मिलेगा। वहीं, प्रो संजीव सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अगस्त में 110 छात्राओं ने सात दिन के इस सर्टिफिकेट कोर्स को सिखा है। इन सभी को सर्टिफिकेट भी बांटे गए हैं। कोर्स करने के बाद 10 छात्राओं की नौकरी भी लगी है। डीयू अगले दो से तीन महीने में साइबर सिक्योरिटी और एनवायर्नमेंटल स्टडीज के सर्टिफिकेट कोर्स भी शुरू करेगा। इनमें एनसीवेब की छात्राओं आवेदन कर सकती हैं। यह कोर्स डीयू के छात्रों के लिए ही शुरू किया गया है।




डीयू ने आईसीटी अकादमी के साथ छात्राओं को स्किल और एंपलॉयमेंट बेस्ड कोर्स सिखाने के लिए एमओयू पर किए हस्ताक्षर।

कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में डीयू के कॉलेजों के डीन प्रो बलराम पाणि, डीयू कंप्यूटर सेंटर (DUCC) के निदेशक प्रो संजीव सिंह, डीन एकेडेमिक्स प्रो रत्नाबली और एनसीवेब की निदेशक प्रो गीता भट्ट मौजूद रहीं। इस सर्टिफिकेट कोर्स से एनसीवेब की छात्राओं को फायदा मिलेगा। एनसीवेब में दिल्ली की छात्राओं को बीए व बीकॉम जैसे कोर्स में पढ़ाई करने का अवसर मिलता है। इसकी कक्षाएं शनिवार व रविवार को लगती हैं।

**छह महीने में कई शॉर्ट टर्म कोर्स भी होंगे शुरू**

डीयू को केंद्र सरकार से इंस्टीट्यूट ऑफ एमिनेंस (IOE) का दर्जा प्राप्त है। इस स्टेटस के बाद डीयू ने आईओई का एक संगठन का भी गठन किया है। इसके जरिए डीयू में अगले छह महीने में कई शॉर्ट टर्म कोर्स शुरू किए जाने की योजना तैयार की गई है। आईओई संगठन के अनुरूप डीयू द्वारा कई नए स्कूल भी स्थापित करेगा। इस पर भी काम चल रहा है। डीयू द्वारा एंटरप्रन्योरशिप-स्किल पर स्कूल स्थापित करने की योजना है। इसके अधीन भी शॉर्ट टर्म कोर्स शुरू किए जा सकते हैं। वहीं, डेटा एनालेटिक्स पर भी शॉर्ट टर्म कोर्स शुरू करने की तैयारी हो रही है।